# ढाई हजार महिलाओं को मिलेगा रोजगार

## सारंगपुर में रोजगार मेला : 25 कंपनियों द्वारा 2695 पदों पर होगा चयन



**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 08 जनवरी, सं. आगामी 12 जनवरी को मंडी प्रांगण में आयोजित होने वाले युवा संगम रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल एवं कलेक्टर श्री गिरीश मिश्रा जी के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया गया. इस अवसर पर राज्य मंत्री डॉ टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन की व्यवस्थाओं, युवाओं की सुविधा, कंपनियों की भागीदारी एवं रोजगार अवसरों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें.**

निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, गुलावता मंडल अध्यक्ष गिरवर भंडारी, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल,जनपद अध्यक्ष देव नागर , नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल , एसडीएम रोहित बम्होरे ,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, सहित अधिकारी उपस्थित रहे.

> इसी क्रम में महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 12 जनवरी सारंगपुर में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियां के माध्यम से 2695 रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा. यह रोजगार मेला महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा. रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होगी. आयोजकों ने पात्र महिलाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं.

### हिंदू संगठनों ने की आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**सिरोंज,** विगत दिनों एक सभा के दौरान भगवान श्रीराम पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर हिंदू समाज में जमकर आक्रोश व्याप्त है. इस दौरान हिंदू समाज के कई संगठनों ने एक बैठक कर प्रभु श्रीराम पर की गई अमर्यादित टिप्पणी की निंदा करते हुए दोषी पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की. इस दौरान उन्होंने आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की. मामले को लेकर विगत दिनों अनेक सामाजिक संगठन द्वारा तहसील में ज्ञापन देकर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग रखी थी. वही आज बैठक में विभिन्न संगठन द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर प्रदर्शन करने का निर्णय किया गया.

# आवासीय खेलकूद संस्थान में अव्यवस्था

## खिलाड़ियों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 08 जनवरी. नगर स्थित प्रदेश का एकमात्र आवासीय खेलकूद संस्थान इन दिनों खुद अव्यवस्थाओं का अखाड़ा बन चुका है. जिस संस्थान से प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मिलने थे, वहां आज बुनियादी सुविधाओं का अभाव खिलाड़ियों के सपनों को कुचल रहा है. संस्थान में रहने वाले खिलाड़ियों को न तो समुचित आवास मिल पा रहा है और न ही पौष्टिक भोजन.**

प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए जिला मुख्यालय पर स्थापित प्रदेश का एकमात्र आवासीय खेलकूद संस्थान इन दिनों अपनी बदहाली के आंसू रो रहा है. सुविधाओं के नाम पर करोड़ों के बजट वाले इस संस्थान में भविष्य के खिलाड़ियों को न तो ढंग का खाना मिल रहा है और न ही पीने को साफ पानी. हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि यहां की तुलना पिछले दिनों विवादों में रहे कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज से की जाने लगी है, जहां दूषित भोजन और पानी के चलते एक छात्रा की जान चली गई थी.



> **कच्ची रोटियां और पतली दाल खाने की लाचारी**
>
> प्रदेश के एकमात्र शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में अध्ययनरत खिलाड़ियों को मिलने वाली डाइट के नाम पर यहां केवल खानापूर्ति हो रही है. छात्र हेमंत परमार ने बताया कि मेस में रोटियां अक्सर कच्ची दी जाती हैं. मीनू के अनुसार पोषण युक्त भोजन नहीं मिलता. नियमों के मुताबिक ठंड की शुरुआत से ही डाइट में अंडे शामिल होने थे, लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि इन्हें अब देना शुरू किया गया है. सूत्रों की मानें तो यहां अब तक भोजन का टेंडर ही नहीं हो सका है.

# प्रदेश में पहली रैंक पर विदिशा कलेक्टर को मिला प्रशंसा पत्र



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा ने विदिशा जिले में युवा संगम कार्यक्रम तहत आयोजित रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला और स्वरोजगार में आकांक्षी युवाओं के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कलेक्टर गुप्ता को प्रशंसा पत्र प्रेषित किया गया है.**

गौरतलब हॉकी इस कार्य में विदिशा जिला प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में पहले पायदान पर है. साथ ही साथ जिला रोजगार अधिकारी डॉक्टर एबी खान को भी युवा संगम कार्यक्रम तहत जिले में संपादित किए गए कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र प्रेषित किया गया है. आयुक्त शर्मा द्वारा प्रेषित किए गए प्रशंसा पत्र में उल्लेख है कि माह दिसम्बर में आपके जिले द्वारा युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार में आकांक्षी युवाओं के लिए उल्लेखनीय कार्य किया गया है.

# औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा नियमों की अवहेलना

## जान जोखिम में डालकर मजदूर कर रहे हैं काम, विभाग आंखें मूंदे बैठा

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 08 जनवरी, औद्योगिक क्षेत्र इटारसी, कीरतपुर और सोनासांवरी में जितनी भी औद्योगिक इकाईयां हैं उनमें सुरक्षा मापदण्डों की अवहेलना की जा रही है. इससे आये दिन इकाईयों में हो रही घटना दुर्घटना से कर्मचारियों की मौत भी हो रही है पर उद्योग विभाग इन फैक्ट्री मालिकों पर कार्यवाही करने में संकोच करता है.**

बताया जाता है कि पिछले महीने कीरतपुर स्थित रिच फार्म्स एग्रो राईस मिल में एक कर्मचारी संतोष सराठे की मौत हो गई थी. वहीं दूसरा मामला खेडा स्थित राठी एग्रो मिल में एक महिला कर्मचारी की मौत ने विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिंह लगा दिया है.

सूत्र बताते हैं कि, फैक्ट्री मालिक अपने मजदूरों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाते हैं इस कारण घटना दुर्घटनाएं बढते जा रही हैं. बताया जाता है कि, फैक्ट्रियों में यदि सुरक्षा इंतजाम के व्यापक इंतजाम होते तो यह दोनो घटनाएं नहीं घटती. क्योंकि न तो फैक्ट्री संचालकों ने उन्हें सुरक्षा के उपकरण जैसे हेलमेट, बूट, दस्ताने, मास्क सीसीटीव्ही कैमरे आदि सुरक्षा उपकरण किसी भी फैक्ट्री में देखने को नहीं मिलते.

> **इनका कहना हैकि**
>
> मैं अभी जांच करने के बाद ही कुछ बता पाउंगा. मेरी जानकारी में फैक्ट्री में सुरक्षा के कोई मापदंड नहीं है. सीसीटीव्ही कैमरे को चेक करने के बाद हमें जांच करने में आसानी रहेगी.
>
> **गौरव सिंह बुंदेला, टीआई, इटारसी**
>
> संतोष सराठे की मौत के बाद हमने फैक्ट्री संचालक पर एफआईआर दर्ज कर ली है. पीएम रिपोर्ट आ चुकी है. बताया जाता है कि फैक्ट्री में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे. इस कारण हमें एफआईआर दर्ज करनी पड़ी.
>
> **संजीव सिंह पवार, थाना प्रभारी, पथरोटा**

### 30 जुलाई तक दो बांधों में जलदोहन प्रतिबंधित

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 08 जनवरी, का.** जिले में इस वर्ष अल्पवर्षा होने के कारण पार्वती नदी पर निर्मित परसाना बैराज एवं घोड़ापछाड़ नदी पर निर्मित बांकपुरा बांध में जल भराव कम हुआ है. उक्त दोनों जल संरचनाओं के जल स्त्रोत से मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा क्रमशः पहाड़गढ़ (77 ग्राम) एवं बांकपुरा-कुशलपुरा (125 ग्राम) समूह जल प्रदाय योजनाओं का संचालन किया जा रहा है. वर्तमान में कम जल भराव की स्थिति एवं दोनों संरचनाओं से कृषि कार्यों हेतु जल के अत्यधिक दोहन को दृष्टिगत रखते हुए आगामी ग्रीष्मकाल में कुल 202 ग्रामों में पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है.



# प्रभात फेरी का फूल बिछाकर स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 08 जनवरी, सं.** आगामी 19जनवरी को आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर आम नागरिकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा वर्ग शामिल होकर भक्ति रस में रम रहें है. नगर के विभिन्न गली मोहल्लों धार्मिक स्थलों से राष्टीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिसमें हिन्दू जागृति, भजन कीर्तन करते हुए बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा निकल रहें जो बीच बीच में भगवान के जयकारे लगाते चलते हैं. इस कड़ी में गुरुवार प्रातः नगर के सबसे व्यस्ततम इंदर चौराहा से पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक धार्मिक भक्तों ने मुख्य रोड़ पर प्रभात फेरी के सदस्यों के लिए पुष्प बिछाकर आत्मिय स्वागत किया तथा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर चाय पीला कर स्वागत किया.

# महिला नपाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी

## कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल : कचरा वाहन चालकों ने की नारेबाजी



**नवभारत न्यूज**

**गुना 8 जन. का। गुरुवार को गुना में दो अलग-अलग संगठनों ने कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल किया। इस दौरान नगरपालिका की कचरा गाड़ी चलाने वाले वाहन चालक और हेल्परों ने महिला नगरपालिका अध्यक्ष पर कई आरोप लगाते हुए स्तरहीन नारेबाजी कर डाली। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**

अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे दैनिक वेतन भोगी, आउटसोर्स एवं कार्यभारित कर्मचारी एकता यूनियन सीटू ने अब आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। डोर-टू-डोर कचरा वाहनों पर तैनात हेल्परों और चालकों ने न्यूनतम वेतन न मिलने और एरियर भुगतान में देरी के विरोध में शहर में विशाल रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। सीटू पदाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारियों ने शहर की सड़कों पर रैली निकाली।

इस दौरान कर्मचारी प्रशासन और नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां सहायक श्रम पदाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

# माहेश्वरी महाकुंभ प्रांगण में आज त्रिसर्ग कॉन्क्लेव

**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया, 08 जनवरी जोधपुर राजस्थान में माहेश्वरी समाज के भविष्य को आकार देगा त्रिसर्ग जिसमें शामिल होगा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र से पिपरिया के युवा आयुष अजय घुरका व सागर के प्रतीक संजय माहेश्वरी का स्टार्टअप ।**

परम्पराओं और सांस्कृतिक संवर्धन व सरंक्षण की वीर प्रसूता भूमि मारवाड़ में माहेश्वरी महाधिवेशन व ग्लोबल एक्सपो के रूप में माहेश्वरी समाज के वे सपने साकार होने जा रहे जिन्हें समाजबंधुओं ने मिलकर देखा था। नौ, दस और 11 जनवरी को जब महाकुम्भ परवान होगा तो इस मूवमेंट को पूरी दुनिया देखेगी कि माहेश्वरी समाज सिर्फ परम्पराओं में ही नहीं बल्कि नवाचार और उद्यमशीलता में भी अग्रणी है, जिसका साक्षी बनेगा स्टार्ट अप कॉन्क्लेव त्रिसर्ग जो विचार मार्गदर्शन व निवेश और क्रियान्वयन एवं प्रभाव का संगम है।

त्रिसर्ग उद्यमशीलता और नए रोजगार सृजन के अवसरों के लिए स्थापित उद्यमियों व स्टार्टअप्स के लिये एक सेतु बनेगा जिसमें नियोक्ता व कैंडिडेट्स की असीमित अपर्चुनिटी मिलेगी तथा यह प्लेटफार्म नए चेहरों (युवाओं) को अपना बिजनेस स्थापित करने के साथ ही सम्पर्कों के माध्यम से सीधे नेटवर्क बनाने में मदद करेगा।

# उपचार ले रहे मरीजों को नहीं मिल रहे गर्म कपड़े



**नवभारत न्यूज**

**टीकमगढ/मोहनगढ़ लगातार जिले में ठंड में बढ़ोतरी हो रही है, दिन में गर्म कपड़े और रात कंबल के बगैर काटना मुश्किल हो गया है। इसे में यदि बात करे सरकारी अस्पतालों की तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनगढ़ का आलम यह है कि अस्पताल के वार्डों में अब तक मरीजों को गर्म कंबल तक नहीं दिए गए यहां तक की पलंगों पर बिछाने के लिए चादर तक नहीं दिए गए है।**

मरीज का आरोप है कि वार्डों में साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और ना ही मरीज को पोषण आहार दिया जाता और ना ही भोजन की कोई व्यवस्था है यहां तक की मरीज एवं उनके साथ आने वाले अटेंडर को दूषित पानी पीना पड़ रहा है।

> जब इस संबंध में जिला अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओपी अनुरागी से बात की गई तो उन्होंने कहा आपके द्वारा मुझे इस मामले की जानकारी प्राप्त हुई है यदि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनगढ़ में इस प्रकार की अनियमिताएं बरती जा रही हैं तो पता करवाते हैं। यदि ऐसा होना पाया गया तो लापरवाही करने बालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का प्रयास रहता है कि स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार लेने आ रहे मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो अगर मोहनगढ़ में ऐसी समस्या आ रही है तो निश्चित ही इसका समाधान जल्द से जल्द कराया जाएगा।

## एक नजर में




### इनरव्हील क्लब का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

**आष्टा.** इनरव्हील क्लब द्वारा वार्षिक मीटिंग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में भोपाल की इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 304 की चेयरमैन विभा सिंह ने अध्यक्षता की .नपाध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे . चेयरमैन विभा सिंह ने कहा कि केवल सहायता करना ही क्लब का उद्देश्य नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता लाना, महिलाओं पर होने वाले मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक उत्पीड़न के विरुद्ध भी आवाज उठाना आवश्यक है . इस अवसर पर अध्यक्ष संगीता सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, दीपिका सोनी, श्रद्धा पालीवाल, अर्चना सोनी, जयश्री शर्मा, हेमलता सोनी, सुधा सेठिया, चंदा वोहरा, सरोज पालीवाल, जया वोहरा, डॉ. अर्चना सोनी, प्रतिभा नागर, विद्या खंडेलवाल, सुनीता नागर, किरण पारख, आशा सोनी, आरती शर्मा, सीमा बैरागी, गीता सोलंकी, जुली वैष्णव, रीना शर्मा, मंदा कासलीवाल, किरण रांका, दीप्ति सोनी मौजूद रहीं .

### औद्योगिक क्षेत्र में रसायन शास्त्र की भूमिका

**सागर.** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवीन भवन में प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी के संरक्षण में रसायनशास्त्र विभाग में एनालिटिकल टूल्स एंड टेकनिक्स फॉर केमिकल इंडस्ट्रीस विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ हुआ. सर्वप्रथम कोर्स समन्वयक डॉ. संतोष नारायण चढ़ार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. डॉ. अभिलाषा दुर्गवंशी ने औद्योगिक इकाइयों में विभिन्न रासायनिक तकनीक स्पेक्ट्रोस्कॉपी, क्रोमैटोग्राफी की उपयोगिता पर वक्तव्य प्रस्तुत किया. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन में रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है . संचालन नीरज बलाही, आभार डॉ . ए . एच . अंसारी ने माना .

### शिक्षक संगठनों ने ज्ञापन प्रदर्शन किया स्थगित

**गंजबासौदा,** विगत दिवस उदयपुर मे जिला कलेक्टर के द्वारा छात्रावास मे अधीक्षक चैन सिंह चिड़ार को अपशब्द कहने पर आज शिक्षक व कर्मचारी संगठनों ने ज्ञापन देकर प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी .लेकिन सोशल नेटवर्किंग साइट पर कलेक्टर द्वारा खेद व्यक्त करने पर शिक्षक व कर्मचारी संगठनो ने आज का ज्ञापन व प्रदर्शन आंदोलन स्थगित कर दिया . संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी ने बताया सभी संगठनो के वरिष्ठ पदाधिकारीगण की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि आज का प्रदर्शन स्थगित किया जाता है .

# बाघ-बाघिन की मौजूदगी से कई गांवों में दहशत

## एनएच 46 पर दिखने से वन विभाग की टीम कर रही सर्चिंग



**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 08 जनवरी. वन परिक्षेत्र में बाघ की मौजूदगी से क्षेत्र में हड़कंप मचा है. जानकारी के अनुसार बुधनी नेशनल हाइवे-46 पर जोशीपुर-बगवाड़ा के बीच बाघ और बाघिन देखे जाने की सूचना राहगीरों एवं ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दी गई. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र में सघन तलाश अभियान शुरू किया.**

तलाश के दौरान यह जानकारी सामने आई कि बाघ ने खेतों के पास एक जंगली सुअर का शिकार किया था. शिकार के बाद बाघ खेतों से होते हुए जंगल की ओर चला गया. फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन एहतियातन वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है

वन परिक्षेत्र अधिकारी राजित द्विवेदी ने बताया कि नेशनल हाइवे के समीप खेतों में बाघ और बाघिन के मूवमेंट की सूचना मिली थी, जिसके बाद वन अमले को तुरंत मौके पर भेजा गया. काफी देर तक तलाश की गई. ग्रामीणों को मुनादी कराकर सूचना दी गई है और उन्हें रात के समय अकेले जंगल क्षेत्र की ओर न जाने की सख्त हिदायत दी गई है.सर्चिंग के दौरान बुधनी पुलिस की टीम साथ रही.

उल्लेखनीय है कि बुधनी वन परिक्षेत्र, रातापानी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है, जहां बाघ, तेंदुआ सहित कई अन्य वन्यजीव पाए जाते हैं. शिकार की तलाश में वन्यजीव कई बार रहवासी इलाकों की ओर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है. वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की है.

# केंद्र सरकार का बुंदेलखंड के साथ सदैव भेदभाव का व्यवहार

**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 जनवरी. सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने बुंदेलखंड के साथ सदैव भेदभाव का व्यवहार किया है. श्री ठाकुर सागर प्रवास के दौरान पत्रकारो से चर्चा कर रहे थे.**

उन्होने कहा कि मोर्चा आगामी 13 फरवरी को नई दिल्ली मे एक दिवसीय धरना करने जा रहा है. धरने में बुंदेलखंड की लंबित समस्याओ को लेकर भारत सरकार को ज्ञापन दिया जावेगा. छह रेल लाइन 11 वर्ष से स्वीकृत है परंतु भारत सरकार ने सदैव बुंदेलखंड के साथ भेदभाव का व्यवहार किया है, कार्य शुरू करने राशि आवंटित नहो की गई है. भारत सरकार ने अहमदाबाद से मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन चलाने के लिए 85 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए है जबकि अभी भी बीस प्रतिशत कार्य शेष है. जापान से कर्ज लेकर 23 हजार करोड़ रुपए ब्याज गुजरात की तरक्की और सुविधा के लिए देने के लिए तैयार है, परंतु रेल लाइन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए देने के लिए तैयार नही है. उन्होने कहा कि डॉ. सर हरीसिंह गौर और मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग बुंदेलखंड वासी करते आ रहे है परंतु यह दुर्भाग्य है, राजनीति के गूंगेपन का पर्याय है कि डॉक्टर गौर को भारत रत्न नही मिल सका और मेजर ध्यान चंद को खेल रत्न दिया गया.

**बैठक** | शिखर मंदिर रास्ते में तैनात रहेंगी स्वास्थ्य विभाग की टीमें

# मेले में आपातकाल के लिए रहेगा इमरजेंसी मार्ग : एसडीएम



**सारनी। नगरपालिका सारनी के सभाकक्ष में गुरूवार 8 जनवरी 2026 को बाबा मठारदेव मेला आयोजन एवं व्यवस्थाओं को लेकर बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी शाहपुर प्रपंच आर. ने की।**

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, तहसीलार संध्या रावत, एसडीओपी प्रियंका करचाम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम, टीआई जयपाल इवनाती, नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया एव बीएमओ संजीव शर्मा के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, मेला एवं भंडारा समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, यातायात आवागमन, झूला व्यवस्था, वन्य जीवों से सुरक्षा व्यवस्था, दान पेटियों की व्यवस्था, भंडारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था, प्लाट आवंटन, समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा हुई। अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि मेले में इस वर्ष इमरजेंसी / वीआईपी मार्ग को अलग कर दिया गया है। इसे भीड़ रहित रखा जाएगा ताकि एंबुलेंस, फायरब्रिगेड समेत अन्य इमरजेंसी वाहन आसानी से आवागमन कर सकें। उन्होंने बताया कि मेले में प्रतिवर्ष की तुलना में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।एसडीएम प्रपंच आर. ने मेला परिसर के अलावा बांसवेडा एवं शिखर मंदिर पर भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मय स्ट्रेचर, जीवनरक्षक दवाओं के साथ उपलब्ध रखने, शिखर मार्ग पर दुकानें लगाने, शिखर मंदिर पर भंडारों पर प्रतिबंध, लेटकर एवं घुटनों के बल शिखर चढ़ने पर पूर्ववत प्रतिबंध के निर्देश दिए हैं।

> मेले में किसी आपात स्थिति से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला परिसर में चौबीस घंटे एंबुलेंस सुविधा रखने के निर्देश एसडीएम प्रपंच आर ने दिए है। उन्होंने मप्रपाजन कंपनी एवं डब्ल्यूसीएल की भी एक-एक एंबुलेंस पालीवार मेला परिसर में खड़ी रखने के निर्देश दिए। मेले में फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस एवं चिकित्सा सुविधा व अन्य आकस्मिक सेवाओं के नंबर सार्वजनिक किए जाने के निर्देश दिए हैं। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से 75 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस बल कंट्रोल रूम से इन पर निगरानी करेगा। वन विभाग, डब्ल्यूसीएल, मप्रपॉजनकं, एनसीसी, स्काउट एवं निजी सुरक्षा गार्डों से मेले में चौबीस घंटे सुरक्षा व्यवस्था बनाई जाएगी।

### जंगल में सहेली के भाई और 2 लड़कों ने किया गलत काम

**सिवनी मालवा 08 जनवरी** सिवनी मालवा में एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की, जो अपनी सहेली के साथ घूमने निकली थी, लड़की का आरोप है कि बुधवार को एक सहेली उसे जंगल में लेकर गई थी जहां तीन लड़के मिले इसमें से एक सहेली का भाई था आरोपियों ने पहले उसे गोलियां कचोरी में खिलाई उसके बाद तीनों ने गलत काम किया। नाबालिक आरोपी की सहेली उसे दो दिन पहले सोमवार को भी घूमाने ले गई थी तब गलत काम किया था। मामले का खुलासा तब हुआ जव बुधवार रात लड़की को प्राइवेट अस्पताल लेकर गये उसके बाद लड़की को जिला अस्पताल नर्मदापुरम लेकर गए।